## खबर संक्षेप



### अस्पताल की मरम्मत में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

**यमुनानगर।** मुकंदलाल जिला नागरिक अस्पताल का उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अन्य अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल के सभी अधिकारियों, डॉक्टर्स व संबंधित एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में डीसी ने संबंधित एजेंसियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों में अस्पताल चकाचक होना चाहिए। इसके लिए बेशक दिन रात काम करना पड़े। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि उन्हें अस्पताल में बदहाल व्यवस्थाओं की शिकायत मिल रही थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए मौका किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी ने अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया है अब उन्हें 15 दिन के भीतर सभी खामियां दूर करनी होंगी।



### विद्यार्थियों से सांझा की रिज्यूमे बनाने की कला

**रादौर।** मुकंद लाल नेशनल कॉलेज रादौर की ओर से बुधवार को रिज्यूमे लिखना विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जेएमआईटी रादौर से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सहायक प्रोफेसर निशांत कुमार बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। निशांत कुमार ने बच्चों को रिज्यूमे बनाने की आधुनिक तकनीक के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कॉलेज के करियर एवं प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज प्रो.आशीष भल्ला ने कहा कि कंपनी एआई टूल्स के माध्यम से चुने बच्चों को ही नौकरी देती है। मौके पर डॉ.रीचा सीकरी, प्रो.नवीन भारद्वाज, प्रो.पिंकी, प्रो.सिमरन व प्रो.पूजा वर्मा आदि मौजूद थे।

# वृद्धावस्था की चुनौतियों से निपटने में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिका

## टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट आफ फिजियोथेरेपी में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी यमुनानगर में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट व वूमेन सेल के सहयोग से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस-2025 के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हेल्दी एजिंग जीवन को अपनाएं, स्वास्थ्य को अपनाएं विषय पर पोस्टर मेकिंग, नवाचारी व्यायाम, मॉडल मेकिंग व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों व पनर्चक्रित सामग्री से बनाए गए मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से फिजियोथेरेपी बुजुर्गों में गिरने की रोकथाम, पुरानी बीमारियों का प्रबंधन, गतिशीलता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में कितनी महत्वपूर्ण है ।

**खास बातें**

- कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन
- संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. हिमांशु शेखर ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

*मौके पर प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर व संकाय सदस्य डॉ. रुचिका, डॉ. मुकेश, डॉ. गगन, डॉ. हीना, डॉ.अनुराग और डॉ. मंज्योत ने प्रतियोगिताओं में विजेता बने विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय में टॉपर्स बने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर सुश्री भूमिका और बीपीटी द्वितीय वर्ष के आदित्य, डॉ. रजत कुमार, डॉ. रमणदीप कौर, डॉ. कनिका व डॉ. वंशिका आदि मौजूद रहे।*

**विद्यार्थियों को बधाई दी**

*उन्होंने मौके पर वृद्धावस्था की चुनौतियों से निपटने में फिजियोथेरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम के आयोजन करने की सराहना की। इस अवसर पर डीएवी संस्थान यमुनानगर के चेयरमैन विजय कपूर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर वूमेन सेल की रुचिका गुप्ता व डॉ. हीना लालित ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी वरिष्ठ नागरिकों की स्वतंत्रता बनाए रखने, दर्द कम करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में अत्यंत आवश्यक है।*

### सभी सड़कों को जल्द से जल्द किया जाएगा गड्ढा मुक्त : उपायुक्त

**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को कैम्प कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शहर की सभी सड़कों में बरसात के दौरान हुए गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) नेशनल हाई वे अथॉरिटी, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जिला परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़कों को 15 सितंबर तक गड्ढा मुक्त किया जाए। नवरात्रि शुरू होने से पहले जिला की सभी सड़कों के पैचवर्क व मरम्मत के कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने जिला की सभी सड़कों में गड्ढा व पैचवर्क के संबंध में जांच के लिए 14 अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई।

## नगर निगम यमुनानगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को दिए निर्देश

# सेवा पखवाड़ा के तहत ट्विन सिटी का किया जाएगा सौंदर्यीकरण : प्रसाद

- 17 सितंबर से शुरु हो रहा सेवा पखवाड़ा, यह मुहिम दो अक्तूबर तक चलेगी
- निगम कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक

*सामाजिक संस्थाएं शहर में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। अभियंता शाखा व सफाई शाखा के अधिकारी शहर के सभी चौकों व मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण करें। सड़क किनारे फूलों के पौधे लगाएं। सड़कों पर जहां कब्जा है उसे कब्जा मुक्त कराकर वहां टाइल वर्क करें। शहर में जहां कचरा प्वाइंट बने हैं उन्हें साफ कराएं। सड़कों व गलियों से सीएंडडी वेस्ट उठाकर साफ करें। अभियान में सफाई मित्रों अर्थात हमारे सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। तीनों जोन के सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए कैंप लगाएं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।शहर के सभी चौकों व मुख्य मार्गो का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अपने कार्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में दी। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि इस अभियान में जनता से जुड़े सभी विभागों की जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े को जन जन का अभियान बनाने के लिए सभी तैयारियां करें। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत जीरो वेस्ट वार्ड, जीरो वेस्ट कार्यालय बनाने का कार्य किया जाएगा। जो वार्ड व कार्यालय जीरो वेस्ट होगा। उसे राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक संस्थाएं शहर में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। अभियंता शाखा व सफाई शाखा के अधिकारी शहर के सभी चौकों व मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण करें। सड़क किनारे फूलों के पौधे लगाएं। सड़कों पर जहां कब्जा है उसे कब्जा मुक्त कराकर वहां टाइल वर्क करें। शहर में जहां कचरा प्वाइंट बने हैं उन्हें साफ कराएं। सड़कों व गलियों से सीएंडडी वेस्ट उठाकर साफ करें। अभियान में सफाई मित्रों अर्थात हमारे सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। तीनों जोन के सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए कैंप लगाएं।

मौके पर स्पेशल अधिकारी अनिल कुमार यादव, कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, दलचंद शर्मा, सीएसआई अनिल नैन, हरजीत सिंह व विनोद बेनीवाल आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो :हरिभूमि

**स्वच्छता के संदेश के लिए वेंडर पार्क करें तैयार**

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता का संदेश देने के लिए वेंडर पार्क तैयार करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में स्वच्छता पर स्लोगन, पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिता कराएं। जो विद्यार्थी सबसे बेहतर स्लोगन या पेंटिंग बनाएगाए उसे सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्वच्छता की जानकारी देने के लिए स्कूली विद्यार्थियों का कैल कचरा निस्तारण प्लांट का भ्रमण कराएं। सभी स्कूलों में डस्टबिन रखें हो। रामलीला और नवरात्रि उत्सव को जीरो वेस्ट बनाने का कार्य करें। इसके लिए रामलीला व नवरात्रि उत्सव स्थल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 25 सितंबर को शहर में स्वच्छता पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें स्पेशल श्रमदान ड्राइव चलाई जाएगी। जिसमें विधायक, मेयर, सभी पार्षद, सभी सामाजिक संस्थाएं, विद्यार्थी, निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी भाग लेकर सफाई करेंगे और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# संकट की घड़ी में सेवा व सहयोग ही है सबसे बड़ा धर्म: घनश्याम

## सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पंजाब को भेजी गई राहत सामग्री से भरे वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**यमुनानगर।** पंजाब के लिए भेजी गई राहत सामग्री से भरे वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पंजाब में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए यमुनानगर से राहत सामग्री से भरे ट्रकों को रवाना किया गया। यमुनानगर के विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री से भरे ट्रकों को पंजाब के लिए रवाना किया।

विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ की त्रासदी ने जन जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। वहां के लोगों के लिए कुछ राहत सामग्री जिला मुख्यालय से भेजी जा रही है। प्रदेशभर से इस संकट की घड़ी में प्रभावित लोगों की मदद के लिए समाजसेवी, दानवीर, प्रशासन, सामाजिक संगठन, पार्टी कार्यकर्ता सभी आगे आ रहे हैं। संकट की घड़ी में देश लोगों के साथ खड़ा है।

**सभी के सहयोग से सामग्री तैयार की गई**

*विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि आपदा और संकट की घड़ी में एक दूसरे की मदद करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यमुनानगर के लोगों सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह सामग्री तैयार की गई है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि संकट में मदद करना केवल दान नहीं है। बल्कि इंसानियत का सबसे बड़ा फर्ज है। उन्होंने कहा कि आपदा किसी भी क्षेत्र या व्यक्ति को देखकर नहीं आती है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में एकजुट होकर एक दूसरे का हाथ थामना ही इंसानियत की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर की धरती हमेशा से सेवा और सहयोग की भावना के लिए जानी जाती रही है। यही वजह है कि यहाँ के लोग हर संकट में आगे बढकर राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सामग्री न पीड़ति परिवारों की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करेगी। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, सीमा कांबोज, गिरीश पुरी, संदीप बजाज, सुनील कालड़ा, कपिल दुआ, नरेश चुघ व हरिओम हरजाई आदि मौजूद रहे।*

# समय रहते हो जाते पुख्ता इंतजाम तो नहीं होता विनाश

## भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक रतन सिंह देवधर ने लगाया आरोप

- किसान नेताओं के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक रतन सिंह देवधर ने कहा कि प्रशासन द्वारा यदि समय रहते भूमि कटाव रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कर लिए होते तो यमुना के उफान पर आने से विनाश लीला नहीं होती। उन्होंने बुधवार को अन्य किसान नेताओं के साथ जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर किसानों को हुए नुक्सान का जायजा लिया।

देवधर ने प्रदेश सरकार से जलभराव और भूमि कटाव के दौरान किसानों को हुए नुक्सान की तुरंत भरपाई किए जाने की मांग की। बुधवार को भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक रतन सिंह देवधर जिले के प्रतापनगर खंड के बाढ़ प्रभावित कोहलीवाला, लाक्कड़ व भीलपुरा आदि समेत अन्य गांवो में पहुंचे। उन्होंने यमुना नदी व बरसाती नदियों आई बाढ़ में किसानों को हुए नुक्सान का जायजा लिया। मुख्य संरक्षक रतन सिंह देवधर ने कहा कि यमुना नदी में आई बाढ़ के कारण लगभग 30 गांव में नुकसान हुआ है । यमुनानगर के जो गांव यमुना के किनारे पड़ते हैं। उन गांवो में भूमि कटाव के कारण किसानों को अधिक नुकसान पहुंचा है। यदि समय रहते प्रशासन भूमि कटाव के पुख्ता इंतजाम कर लेता तो यह विनाश लीला देखने को नहीं मिलती। देवधर ने कहा कि इस भ्रष्ट तंत्र के भरोसे पब्लिक का पैसा पानी में नहीं बहेगा। मौके पर जयकारा देवधर, कृपाल सिंह, अशोक कुमार, राजवीर, नैनपाल ,सुरेश कुमार, नाथीराम नंबरदार, भूपेंद्र , साहब सिंह व प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** प्रतापनगर खंड के बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर नुक्सान का जायजा लेते हुए भाकिसं के प्रांतीय मुख्य संरक्षक रतन सिंह देवधर व अन्य किसान नेता।

**बाढ़ रोकथाम का कार्य अप्रैल तक पूरा होना चाहिए**

मौके पर भारतीय किसान संघ के यमुनानगर के उपाध्यक्ष मोहकम सिंह ने कहा जो बाढ़ रोकथाम का कार्य अप्रैल तक पूरा होना चाहिए था। वह कार्य जुलाई में शुरू किया गया है। इसके खिलाफ उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जिनके कारण यह काम देरी से हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन को पानी की निकासी के लिए सर्वे कराकर छोटी ड्रेनों का निर्माण करवाना चाहिए। ताकि जल भराव की समस्या पैदा ना हो सके। क्योंकि नेशनल हाईवे 344 के दोनों और जल भराव की समस्या उत्पन्न हो चुकी है। ऐसे ही यमुना नदी के पास लगता कोहली वाला लक्कड़ में प्रतापपुर व भीलपुरा गांव खतरे में है । वन विभाग का भी 25 एकड़ जंगल यमुना नदी में समा चुका है। किसान नेताओं ने कहा कि भारतीय किसान संघ जल्द ही इन समस्याओं को लेकर यमुनानगर के उपायुक्त को मिलेगा। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करावाया जाएगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने पर स्वराज देवी अस्पताल का स्टाफ सम्मानित

- रोटरी क्लब रादौर की ओर से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर कस्बा के स्वराज देवी अस्पताल के स्टाफ सदस्यों व चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब रादौर के प्रधान हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने की। क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी ने बताया कि रोटरी क्लब की ओर से स्वराज देवी अस्पताल की डॉक्टर अलकेश कांबोज, डॉ. मोहित, डॉ. संगीता सैनी, हरविंद्र कुमार, शैंकी, कृष्णा, सोनम, रामकुमार, अनीता व जीत आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहनलाल अरोड़ा, मास्टर देवी दयाल अरोड़ा, भारत माटिया, अनिल पोपली, रोहित सैनी, पंकज गोयल, ब्रह्मप्रकाश टंडन व कर्ण चानना आदि मौजूद रहे।




**यमुनानगर।** रादौर स्थित स्वराज देवी अस्पताल में स्टाफ सदस्यों व चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

**लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा**

उन्होंने कहा कि मुकंदलाल संस्थान की ओर से शहर व क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए स्वराज देवी अस्पताल की कुछ वर्षों पहले शुरुआत की गई थी। अस्पताल से लोगों को भारी स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। अस्पताल में चल रहे फिजियोथैरेपी सेंटर में आए दिन क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इस फिजियोथेरेपी सेंटर से आम जनता को सुविधा मिलने पर दूर दराज नहीं भटकना पड़ता है। अस्पताल के स्टाफ सदस्य बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। जिसको लेकर क्लब की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया है।

# रादौरः गोविंद बल्लभ पंत का जन्मदिवस मनाकर किया याद

- वेलफेयर एसोसिएशन रादौर ने मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की ओर से बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी गोविन्द बल्लभ पन्त का जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें नमन किया। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि उनका जन्म 10 सितंबर 1887 को हुआ था। वह एक प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी और वरिष्ठ भारतीय राजनेता थे। वे उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमन्त्री और भारत के चौथे गृहमंत्री थे। 1957 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। गृहमंत्री के रूप में उनका मुख्य योगदान भारत को भाषा के अनुसार राज्यों में विभक्त करना तथा हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करना था।

**गांधी जी के आह्वान पर राजनीति में आए**

दिसम्बर 1921 में वे गान्धी जी के आह्वान पर राजनीति में उतर आए। 9 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड करके उप्र के कुछ नवयुवकों ने सरकारी खजाना लूट लिया तो उनके मुकदमें की पैरवी के लिए सहयोग किया। 1927 में राम प्रसाद बिस्मिल व उनके तीन अन्य साथियों को फाँसी के फंदे से बचाने के लिये उन्होंने मालवीय के साथ वायसराय को पत्र भी लिखा। पटेल की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय प्रमुख का दायित्व दिया गया। उनका कार्यकाल सन1955 से लेकर 1961 में उनकी मृत्यु होने तक रहा। उनकी हृदयाघात से मृत्यु हो गई।

## आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की आयोजित बैठक

# रोडवेज कर्मचारियों ने रात्रि भत्ते की अदायगी समय पर नहीं होने को लेकर जताया रोष

**यूनियन के बस डिपो प्रधान ने की बैठक की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन(1947) के सदस्यों की बुधवार को यूनियन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान राजेंद्र कांबोज ने की।

वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में यूनियन की अनुशासन समिति के अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा मौजूद रहे। बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की समस्याओं के पूरा नहीं किए जाने पर रोष जताया गया।

डिपो प्रधान राजेंद्र कांबोज ने बताया कि बैठक में डिपो स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें चालकों परीचालकों को समय पर रात्री भत्ता और ओवर टाइम की अदायगी ना होने पर गहरा रोष प्रकट किया गया। इस दौरान बैठक में सदस्यों ने डिपो प्रशासन से बस स्टैंड गेट पर मौजूद बाथरूम को तोड़कर उसके दोनों गेट की तरफ फैलने वाली बदबू से रोडवेज कर्मचारी और आमजन मानस को छुटकारा दिलाए जाने की मांग की गई।

डिपो प्रधान राजेंद्र कांबोज ने बताया कि यूनियन द्वारा रोड़वेज कर्मचारियों की समस्याओं को दूर किए जाने को लेकर कई बार महाप्रबंधक को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस अवसर पर यूनियन के राज्य उप प्रधान धर्मेंद्र कादियान, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रघबीर, डिपो उप प्रधान तेजिंदर गुर्जर, सचिव प्रदीप शर्मा,कोषाध्यक्ष कमल जोगी, सह सचिव मनजीत सिंह, ताहिर हुसैन व राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



- समस्याओं को दूर किए जाने को लेकर कई बार महाप्रबंधक को भी अवगत करवाया जा चुका

**समाधान की गुहार लगाई**

*उन्होंने बताया कि कुछ रोटेसन में चालक परिचालक से ज्यादा ड्यूटी ली जा रही है। जो कर्मचारी का शोषण है। कांबोज ने बताया कि बैठक में यूनियन के सदस्यों ने बस स्टैंड के बाहर लगी फल फ्रूट की रेहड़ियों, ई.रिक्शा और ऑटो रिक्शा को हटाने की मांग की। ताकि बस स्टैंड के बहार लगने वाले जाम से चालकों को बचाया जा सके। यूनियन के सदस्यों ने महाप्रबंधक से उनकी समस्याओ को जल्द दूर किए जाने की मांग की।*

खबर संक्षेप



## सेवा ट्रस्ट यूके ने बच्चों को जरूरत का सामान बांटा

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय संतोखपूरा में सभी बच्चों को और उनके परिवारों को सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की को स्पॉन्सर कंपनी द्वारा उनकी जरूरत का सामान डाबर शहद, आम का जूस, टूथ ब्रश, पेस्ट, वैक्स किट सामान वितरित किया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और स्कूल के इंचार्ज दिलबाग सिंह ने बताया कि लगभग ट्रस्ट 8 हजार पौधे लगा चुकी हैं और बताया कि समय-समय पर महापुरुष और संत महात्माओं की जयंती के उपलक्ष में भी जूस का लंगर और निशुल्क डाबर कंपनी द्वारा इम्यूनिटी बूस्टर किट, हनी शहद,नारियल तेल निःशुल्क वितरित की जाती हैं।

## श्राद्धों में गो दान करने से पाप होते नष्ट : सत्यानंद

**लाडवा।** अखंड हनुमान गोशाला के संचालक स्वामी सत्यानंद



महाराज ने कहा कि श्राद्धों में गो दान करने व गायों को चारा खिलाने से सभी पाप नष्ट होते है और हमारे पूर्वजों का शांति भी मिलती है। गो दान सबसे बड़ा दान व गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। देवी-देवता तक गौ सेवा करते थे। इसलिए श्राद्धों में गौ दान व गौ सेवा कर हम पुण्य के भागीदार बन सकते है। स्वामी सत्यानंद गोशाला में आने वाले गौ भक्तों को गौ सेवा के लिए प्रेरित कर रहे थे।

## जिला स्तरीय साइकिल मेला 26 सितंबर को

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए 26 सितंबर को जिला स्तरीय साइकिल खरीद मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे कक्षा छठी के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क साइकिल योजना चलाई जा रही है।शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए साइकिल खरीद मेले का आयोजन जिला स्तर पर 26 सितंबर 2025 शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है।

## शहर में सफाई कार्य निरंतर जारी : सिवाच

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत शहर के हर स्थान पर सफाई कार्य किया जा रहा है तथा कहीं पर भी गंदगी नहीं रहने दी जा रही। जहां कहीं भी गंदगी के ढेर नजर आते हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से उठवाया जा रहा है। इसी कड़ी में पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर भी सफाई कार्य निरंतर करवाया जाना है, जिसके लिए सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का सहयोग चाहिए होगा। उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस बुधवार को अपने कार्यालय में सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

### आठ भाषाओं की कार्यशाला का कुलपति ने किया उद्घाटन

# सांस्कृतिक विविधता को जीवित रखने में अनुवाद की अहम भूमिका : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

सांस्कृतिक विविधता को जीवित रखने में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाषा किसी भी संस्कृति का प्रतिबिम्ब है। भाषा केवल एक शब्दों का संग्रह व मेल ही नहीं बल्कि किसी भी संस्कृति को जानने का मुख्य स्रोत है। भाषा संचार और सामाजिक सामंजस्य का आधार है। अनुवाद केवल शब्दों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भावना और विचारधारा का एक सेतु है, जो विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को आपसी सांझ के साथ जोड़ता है और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाता है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के पंजाबी विभाग तथा साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से 10 से 12 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय बहुभाषी अनुवाद कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व तीन दिवसीय कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### देश की सभ्यता बनाने में निरक्षरों का योगदान : माधव

साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के प्रधान डॉ. माधव कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अनपढ़ लोगों ने संस्कृति को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुवादक का कार्य दुनिया का सबसे मुश्किल कार्य है। अनुवादक राष्ट्रीय साहित्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य करता है। अनुवादकों ने उस पीड़ा का भी अनुवाद किया है जो आंखो में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि शब्दकोशो के हजारों शब्द लेकर दर्द का अनुवाद कोई क्या करेगा। पहले वाचिक परम्परा में अनुवाद होता था। हमारे देश की सभ्यता को बनाने में निरक्षरों का ज्यादा योगदान है। भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता है। अनुवाद के माध्यम से ही ये विभिन्न भाषाओं के साहित्य एक-दूसरे तक पहुँच सकते हैं और इससे राष्ट्रीय एकता का संदर्भ और मजबूत होगा। पंचतंत्र की कहानियाँ अनुवादित होने के बाद हर भाषा में उपलब्ध हैं। अनुवादकों ने ही दुनिया का निर्माण किया है। अनुवादक राष्ट्रीय साहित्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कुछ लाभ हैं, वहीं कई हानियाँ भी हैं, छात्रों और शोधार्थियों को इसका सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

### अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्य वक्ता पंजाबी सलाहकार बोर्ड साहित्य अकादमी दिल्ली के संयोजक प्रो. रवेल सिंह ने कहा कि भाषा केवल शब्दों की नहीं होती, बल्कि इसके पीछे एक विशाल सांस्कृतिक विरासत छिपी होती है, जिसे अनुवादक संवेदनशीलता के साथ पाठकों तक पहुंचाना होता है। हम 24 भाषाओं के लिए काम करते हैं। इस कार्यशाला में उत्तर भारत में बोली जाने वाली आठ भाषाओं (डोगरी, अंग्रेजी, हिंदी, कश्मीरी, पंजाबी, राजस्थानी, संस्कृत और उर्दू) को मुख्य केंद्र बनाया गया है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप आए प्रख्यात कथाकार केसरा राम ने कहा कि अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अनुवाद हमें संस्कृति के माध्यम से जोड़ता है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. कुलदीप सिंह, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. नीरा राघव, डॉ. धर्मवीर, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक डॉ. विकास सभरवाल, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. पवन कुमार, डॉ. गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त करने वाला केयू पहला विवि

कुलपति ने कहा कि यह कार्यशाला अपने प्रकार की पहली शैक्षणिक पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और अनुवाद परंपरा को सुदृढ़ करना है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र हरियाणा का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जिसे नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी आयामों के साथ कुवि में ही नहीं बल्कि संबंधित 295 महाविद्यालयों में लागू करने वाला देश का पहला विवि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय है।

## सीएम को बाढ़ राहत के लिए सौंपा एक दिन का वेतन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय ने बाढ़ राहत के लिए एक दिन का वेतन सौंपा है। यह राहत राशि कुरुक्षेत्र पिपली अनाज मंडी में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को सौंपी गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बुधवार पिपली अनाज मंडी में एक कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की तरफ से एक दिन के वेतन की राशि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने सौंपी।

### आपदा में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी : सीएम

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर में इसअ बार भारी बारिश से बड़ी आपदा आई है। इस आपदा की घड़ी में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। इस आपदा में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंजाब के पीड़ित के लिए जो राहत राशि भेजी है उससे जरूरतमंदों की सहायता होगी। इस दौरान एआईपीआरओ बलराम, एआईपीआरओ केदार नाथ, अधीक्षक हाकिम सिंह सैनी, लेखाकार पंकज धीमान, डीआई विजय कुमार, दीप्ति चौधरी, बलबीर, अंकुर, विक्रम, प्रदीप, कर्मवीर, अमित सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।*

## राज्यपाल देवव्रत ने सी.पी. राधाकृष्णन को दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत ने नई दिल्ली स्थित न्यू महाराष्ट्र भवन में सी.पी. राधाकृष्णन से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन सेवा, समर्पण और देशभक्ति का उदाहरण है। उनका अनुभव और नेतृत्व देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा साथ ही, युवाओं को प्रेरणा देगा। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय हित और सामाजिक हित के नए आयाम स्थापित होंगे।

# सही मार्ग पर चलने से दूर होंगी समाज में फैली बुराइयां

*अंतरराष्ट्रीय कानूनी साक्षरता दिवस के अवसर पर गांव मथाना में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानूनी साक्षरता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के विधि संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानूनी साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र जिले के गांव मथाना में किशोर न्याय अधिनियम 2015 विषय पर एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन




किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अधिनियम के बारे वक्तव्य, लघु नाटक एवं कविता के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने आए हुए लोगों से कानूनी सहायता से संबंधित वातार्लाप किया और उन्हें आवश्यकता अनुसार परामर्श दिया। विधि संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने बताया कि आज हमारे समाज में बच्चों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने की आवश्यकता है, ताकि वे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और आगे चलकर देश की तरक्की में अपना योगदान दें।

### लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता: संतलाल

विधि संस्थान के लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ. संतलाल निर्वाण ने बताया कि हमें अपने समाज में बच्चों से संबंधित कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है, जिसके लिए हम लगातार इस तरह के शिविर का आयोजन करते हैं। उप निदेशक डा. रमेश सिरोही ने विद्यार्थियों को सफल आयोजन की बधाई दी। शिविर में मंच का संचालन चतुर्थ वर्ष की छात्रा सिया ढींगरा द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. मनजिंदर गुलयानी, डा. मोनिका, डा. कर्मदीप, मथना सरपंच अंजना देवी आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदार नौशाद अली के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- विश्वविद्यालय में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए सौंपा ज्ञापन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़ व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रधान राजवंत कौर ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को पूर्व ठेकेदार नौशाद अली के खिलाफ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ गलत बयानबाजी व विश्वविद्यालय की सोशल मीडिया व अन्य स्थानों पर छवि खराब करने व विश्वविद्यालय में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा। कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का एकमात्र सरकारी ए प्लस-प्लस ग्रेड विश्वविद्यालय है।



**कुरुक्षेत्र।** कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को ज्ञापन सौंपते कुटा व कुंटिया के पदाधिकारी।

कुछ निहित स्वार्थी लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों की ओर से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को ज्ञापन देकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए अनुरोध किया है।

## आदेश में महिलाओं के लिए परिवार नियोजन के लिए आधुनिक आसान प्रक्रिया का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में महिलाओं के लिए आधुनिक परिवार नियोजन का एक नया और आसान साधन शुरू किया है। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सतवंत कौर ने जानकारी देते हुए बताया



कि आदेश अस्पताल में इम्प्लानॉन एनएक्सटी नामक गर्भनिरोधक प्रक्रिया शुरू की गई है जोकि बेहद सुगम व सस्ती है और यह प्रक्रिया मात्र पांच मिनट में मुकम्मल कर ली जाती है। उन्होंने बताया कि एक बार इस प्रक्रिया से ट्रीटमेंट लेने के बाद यह लगातार तीन वर्ष तक गर्भधारण से सुरक्षा देती है और जिसकी सफलता दर करीब 100 प्रतिशत है। डा. सतवंत कौर ने बताया कि यह प्रक्रिया नसबंदी जैसे स्थायी उपायों से भी अधिक प्रभावी मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी खासियत यह है कि अगर महिला चाहे तो चौबीस घंटे के भीतर महिला की प्रजनन क्षमता फिर से लौट आती है। डा. सतवंत कौर ने कहा कि यह प्रक्रिया विशेष कर उन महिलाओं के लिए लाभकारी है जिन्होंने अभी तक संतान को जन्म नहीं दिया है, प्रसव के बाद अंतराल रखना चाहती हैं या फिर लंबे समय के लिए गर्भनिरोध चाहती हैं।

*विरासत सांझी उत्सव 21 सितंबर से*

# सांझी विजेताओं को दिए जाएंगे आकर्षक पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| कुरुक्षेत्र

विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा राज्य स्तरीय सांझी उत्सव-2025 का आयोजन 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जायेगा। इस सांझी उत्सव में हरियाणा के अलग-अलग कोनों से लुप्त होती सांझी कला को बचाने के लिए सैंकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। यह जानकारी विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी प्रतियोगिता का आयोजन विरासत हेरिटेज विलेज मसाना में 21 सितंबर को अमावस्या के दिन किया जायेगा। इस दिन लोक सांस्कृतिक दृष्टि से ग्रामीण महिलाएं घरों में सांझी लगाती हैं। लोक सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करते हुए विरासत में भी सांझी प्रतियोगिता का आयोजन अमावस्या के दिन ही किया गया है।

### चित्तण-मांडणा स्पर्धा भी होगी आयोजित

*इससे पूर्व चार सांझी उत्सव 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में विरासत द्वारा आयोजित किए जा चुके हैं। इन सांझी उत्सवों में 500 से अधिक महिलाओं ने सांझी निर्माण प्रतियोगिता में भाग लिया है। लोक कला सांझी को लुप्त होने से बचाने के लिए एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के प्रधान सेवा सिंह ने हरियाणा की महिलाओं को इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामना संदेश दिया है। निदेशक अभिनव ने कहा कि इस सांझी उत्सव में हरियाणा के अनेक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की टीम विरासत सांझी उत्सव में भाग लेंगी। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी विरासत सांझी उत्सव में लोक कला सांझी के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले इस सांझी उत्सव में स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लुप्त होती चित्तण-मांडणा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।*

## सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय ने कुरुक्षेत्र को मैनुअल स्कैवेंजर -मुक्त किया घोषित : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 के अनुसार और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिशा-निदेर्शों के तहत कुरुक्षेत्र को मैनुअल स्कैर्वेजिंग-मुक्त घोषित किया है। कुरुक्षेत्र को 14 फरवरी 2025 तक आधिकारिक तौर पर मैनुअल स्कैर्वेजिंग-मुक्त के रूप से प्रमाणित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मील का पत्थर व्यापक सर्वेक्षणों, नमस्ते और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के तहत पुनर्वास प्रयासों और वैधानिक प्रावधानों के सख्त पालन के माध्यम से मैनुअल स्कैर्वेजिंग को खत्म करने के लिए जिले की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जिले में मैनुअल स्कर्वेजिंग के किसी भी मामले की पहचान नहीं की गई है और सफाई कर्मचारियों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा नमस्ते पोर्टल पर विधिवत अपलोड की गई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में उनके अटूट समर्थन के लिए स्थानीय अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और समुदाय सहित सभी हितधारकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। जिला प्रशासन इस नोटिस के जारी होने के 15 दिनों के भीतर मैनुअल स्कैर्वेजिंग के संबंध में समर्थन साक्ष्य के साथ हस्ताक्षरित लिखित रूप में सार्वजनिक दावे या आपत्तियां आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय कुरुक्षेत्र से संपर्क करें।

# भगवान राम ने समाज में आदर्श स्थापित करने के लिए लिया था जन्म : सचिन

*संगम मार्केट में रामलीला मंचन का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाडवा

जय भारत कला मंच लाडवा द्वारा बुधवार रात्रि से लाडवा की संगम मार्कीट में रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। रामलीला का शुभारंभ गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज व समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा मुख्यातिथि के रूप में शामिल होकर दीप प्रज्वलित करके किया। पहले दिन की रामलीला में भगवान श्रीराम जन्म का मंचन हुआ। भारत के इतिहास में पहली बार किसी रामलीला समिति द्वारा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया गया। डिजिटल रूप से भगवान राम का जन्म जनता को खूब लुभा गया। डिजिटल तरीके से उठती हवन की लपटे, ताडका वन में बहते खून व डरावनी आवाजों ने मंचन को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर समाजसेवी सचिन गर्ग ने रामलीला के शुभारंभ पर अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम ने धरती पर जन्म समाज में आदर्श स्थापित करने के लिए लिया था। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम भगवान राम के चरित्र से प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखें।



**लाडवा।** रामलीला में अपनी कला का प्रदर्शन करते कलाकार।

### बुजुर्गों की सेवा करना कर्तव्य

सचिन गर्ग ने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम ने अपने माता पिता की बात पूरी करने के लिए 14 वर्ष का बनवास सहा उसी प्रकार अपने बुजुर्गों की घर मे कुछ बातें सहन करके उन्हें अपने साथ रखना और उनकी सेवा करना हर व्यक्ति का परम कर्तव्य है। रामलीला में महाराजा दशरथ के रूप में अश्वनी गोंसाई, महर्षि वशिष्ठ के रूप में अरुण शर्मा, माता कौशल्या के रूप में सागर, विशाल कैकेयी के रूप में, मारीच के रूप में रिंकू अरोड़ा, विक्रम सैनी श्रृंगी ऋषि के रूप में, मोनू शर्मा सुबाहु के रूप में नजर आए।

**कार्यक्रम** | बीए गीता और पीजी डिप्लोमा इन भागवत गीता अध्ययन के पोस्टर किए लॉन्च

छात्र प्रेरक कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

# मानसिक तनाव को कम करने में गीता की महत्वपूर्ण भूमिका: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आज की भागती जिंदगी में बढ़ते हुए मानसिक तनाव को कम करने के लिए गीता की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम जहाँ भी जाएँ जहाँ भी रहे हैं वहाँ पर मुस्कुराना चाहिए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय युवाओं में गीता अध्ययन का स्वप्न साकार कर रहा है जिसके लिए सुखद अनुभूति हो रही है। यह विचार स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के मॉडल के अनुसार छात्र प्रेरक कार्यक्रम के



समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। यह कार्यक्रम आईआईएसएच और सेंटर ऑफ डिस्टेंस ऑनलाइन एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर रीटा दलाल द्वार बीए इन गीता का पोस्टर व सेंटर ऑफ ऑनलाइन डिस्टेंस एजुकेशन की निदेशक प्रोफेसर मंजुला चौधरी द्वारा पी जी डिप्लोमा इन भगवत गीता का पोस्टर लॉन्च करवाया गया।

### गीता जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गीता कोई पाठ्य पुस्तक नहीं बल्कि जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन है उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समाहित सभी प्रकल्पों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कृति के साथ विद्यार्थियों को शिक्षण के साथ जोड़ रही है इसलिए जिओ गीता संस्थानम के साथ जुड़कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्नातक इन भगवत गीता और पीजी डिप्लोमा इन भगवद्गीता ऑनलाइन के कोर्स शुरू कर रहे हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गीता जीवन की हर कठिनाइयों को दूर करने में सक्षम है कोई भी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा लेने के लिए स्वामी विवेकानंद के द्वारा गीता के महत्व से किसी भी चिंतक, विचारक, महापुरुषों के जीवन मूल्य को समझना चाहिए। विद्यार्थियों को चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। मंच का संचालन छात्रा परिधि ने किया। इस अवसर पर डॉ. सविता, डॉ. दीप्ती, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, प्रो. आरके देशवाल, डॉ. अनीता दुआ, तरुण शास्त्री, डॉ पवन दिवान, डॉ संजीव आहूजा, डॉ उर्मिला डॉ रामचंद्र, हरिकेश पपोसा सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

